**दिनांक 19.09.2025 को डॉ० प्रेम कुमार, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार की अध्यक्षता में आहूत वेजफेड एवं सब्जी संघों के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही |**

**उपस्थिति:-**

1. श्री प्रभात कुमार, प्रबंध निदेशक, वेजफेड |
2. श्री सफ़दर रहमान, राज्य प्रबंधक, (HR&Adm), वेजफेड |
3. सुश्री दिव्या झा, राज्य प्रबंधक, (IE&T), वेजफेड |
4. श्री अमित कुमार शुक्ला, अध्यक्ष, तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी |
5. श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष, हरित सब्जी संघ, पटना |
6. श्री माधवेन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा |
7. श्री पप्पू कुमार, अध्यक्ष, मगध सब्जी संघ, गया |
8. श्री सौरभ कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, मगध सब्जी संघ, गया |
9. श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी |
10. प्रतिनिधि, PMU |

सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गयी तथा गत बैठक के कार्यवाही की संपुष्टि की गयी |

**कार्यवाही संख्या 01- पैक हाउस के निर्माण पर विचार :-** सभी प्रस्तावित स्थानों पर पैक हाउस निर्माण की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि तीस हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में निर्माण किया जाना है | मॉडल प्राक्कलन की तकनिकी स्वीकृति प्राप्त हो गयी है | पदाधिकारियो द्वारा बताया गया कि APEDA के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश में निर्मित पैक हाउस का निरीक्षण कर उसके अनुरूप मॉडल प्राक्कलन तैयार करने का निदेश दिया गया | नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्राक्कलन को मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है |

मंत्री महोदय द्वारा बिहार राज्य भंडार निगम को अति अल्पकालीन निविदा प्रकाशित करने के लिए पत्र भेजने का निदेश दिया गया |

**कार्यावली संख्या 02- फूल उत्पादन विपणन सहकारी समितियों के गठन पर विचार :-**

सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि राज्य में फूलों की खेती एवं व्यवसाय को संगठित करने के लिए सहकारी समिति का गठन करना उचित होगा | प्रथम चरण में जिला स्तरीय सहयोग समितियों का गठन किया जाना उचित होगा जिन्हें वेजफेड के नियंत्रणाधीन संचालित किया जायेगा |

Sd/-

**कार्यावली संख्या 03- क्लस्टर आधारित खेती पर विचार :-** सम्बंधित पदाधिकारियो द्वारा बताया गया कि वेजफेड एवं संघ से सब्जियों के उत्पादन को गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नत किस्म का तैयार करना आवश्यक है | विदेशों को निर्यात किये जाने वाले सब्जियों की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी का होना आवश्यक है | अतएव कलस्टर आधारित सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहित करना आवश्यक है | विभिन्न प्रकार की सब्जियों के उत्पादन के लिए इन कलस्टरों को उन्नत इनपुट दिया जा सकेगा | इस हेतु भारत सरकार की योजनाओं का support लिया जा सकता है | कलस्टर आधारित योजनाओं के लिए भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे सुविधाओं का विश्लेषण करने का निदेश दिया गया |

**कार्यवाही संख्या 04- IIHR बंगलुरु के सहयोग से प्रशिक्षण :-** सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वेजफेड के किसान सदस्यों को उन्नत खेती विशेषकर प्याज की खेती पर प्रशिक्षण देने के लिए IIHR के साथ MOU हस्ताक्षरित किया जा सकता है | इस हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

**कार्यवाही संख्या 05- सब्जियों का निर्जलीकरण (Dehydration) कर विपणन पर विचार :-**

सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि Dehydrated सब्जी एवं फलों की बाजार में अच्छी माँग है | मौसम में विभिन्न सब्जियों के मूल्य में कमी आने पर उनका क्रय कर Dehydration किया जा सकेगा तथा Off season में उचित मूल्य पर बिक्री की जा सकेगी |

इसी प्रकार Frozen Vegetable की प्रोसेसिंग कर उन्हें बाजार में उचित मूल्य पर बेचा जा सकता है | इसकी प्रोसेसिंग यूनिट के अधिष्ठापन के लिए 01 एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ती है | IIHR के सहयोग से Vegetable Dehydration एवं Frozen Unit की स्थापना हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है |

उक्त प्रस्ताव पर माननीय मंत्री महोदय द्वारा सहमती प्रदान की गयी |

**कार्यवाही संख्या 06- विभिन्न सब्जी संघों की समीक्षा :-**

- तिरहुत सब्जी सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उन्हें HUL के द्वारा 15,000 मे० टन टमाटर आपूर्ति का आर्डर प्राप्त है | अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गए टमाटरों से तैयार प्युरी (Tomato Puree) की कुछ मात्रा संघ अपने ब्रांड के अंतर्गत बिक्री करने पर HUL को प्रस्तावित किया गया है जिस पर HUL के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर MOU हस्ताक्षरित की जा सकती है | टमाटर के तरह हरी मिर्च की प्रोसेसिंग करने की तैयारी की जा रही है |
- मिथिला सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि कलस्टर आधारित सब्जी उत्पादन हेतु CDP (Cluster Development Programme) भारत सरकार की योजना संचालित है जिसके अंतर्गत

sent 8/

मार्गदर्शिका तैयार की गयी है | निदेश दिया गया कि वेजफेड को CDP Programme के तहत नोडल एजेंसी / कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय |

संघ के अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि ADB (Asian Development Bank) सरकार की गारन्टी पर न्यूनतम ब्याज दर पर राशि उपलब्ध करायी जा रही है | यदि 100 करोड़ के प्रोजेक्ट में वेजफेड द्वारा 40 करोड़ रूपया निवेश करे तो अवशेष राशि ADB द्वारा न्यूनतम दर (लगभग 0-5 %) पर संघों को उपलब्ध करा दिया जायेगा | मंत्री महोदय द्वारा इस पर सहमति प्रदान की गयी |

मंत्री महोदय द्वारा पॉली हाउस / फ्लैट नेट हाउस के उपयोग तथा उसमे उन्नत किस्म के सब्जियों के उत्पादन हेतु योजना स्वीकृति सम्बन्धी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

**कार्यवाही संख्या 07- अन्यान्य :-**

- मंत्री महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि सभी निर्मित / निर्माणाधीन योजना स्थलों पर राशि निकासी से पूर्व लोहे का स्थायी होर्डिंग / बोर्ड लगवाया जाय | साथ ही सभी संघों को निदेश दिया गया कि कितने निर्मित / निर्माणाधीन योजना स्थलों एवं PVCS कार्यालयों पर बोर्ड लगा है इससे सम्बंधित प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध करावें |
- सभी गठित तथा प्रस्तावित सब्जी संघ में मानव बल की नियुक्ति हेतु पूर्व से पैनल तैयार रखने का निदेश दिया गया |
- सभी संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों को चारपहिया वाहन उपलब्ध कराने के लिए संकल्प के अनुरूप कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |
- मंत्री महोदय द्वारा पूर्व निर्मित ERP सॉफ्टवेयर को अद्यतन करने तथा उसमे सभी समितियों के व्यवसाय, आधारभूत संरचना एवं संपत्तियों का ब्यौरा प्रविष्टि करने तथा 24x7 दृश्य रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश PMU के IT प्रतिनिधि तथा सम्बंधित विभागीय पदाधिकारी को दिया गया |
- समितियों में सदस्यता एवं व्यवसाय वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित करने तथा नियमित अनुश्रवण का निदेश दिया गया |
- मगध सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 05 रिटेल आउटलेट हेतु भूमि उपलब्ध कराया गया है | जिसका प्रस्ताव प्राप्त कर स्वीकृति / राशि हस्तांतरण हेतु निदेश दिया गया |
- PVCS में बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराने हेतु संघ को उपलब्ध कराये गए प्रति PVCS 98,800 रुपये की राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निदेश सम्बंधित संघों को दिया गया |
- पंचायत स्तर पर किसान उत्पादक संगठन /किसान हितधारक समूह (FPOs / FIGs) के गठन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

Sang ४/

- संघों को व्यवसाय हेतु क्रियाशील पूंजी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि इस हेतु पैक्सों को धान अधिप्राप्ति की तर्ज पर उपलब्ध कराये जा रहे कैश क्रेडिट की भांति संघ / PVCS को भी व्यवसाय हेतु कैश क्रेडिट दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना।

ज्ञापांक 889......../ दिनांक 4.|10|2025

प्रतिलिपि:- 1.निबंधक,सहयोग समितियाँ, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

2.सचिव, सहकारिता विभाग बिहार,पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

3.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ,पटना / तिरहुत सब्जी संघ,मोतिहारी /मिथिला सब्जी संघ,दरभंगा /मगध सब्जी संघ, गया/ भागलपुर सब्जी संघ, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4. अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5. प्रतिनिधि, पी० एम० यू० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ज्ञापांक .889...../ दिनांक 4.|10|2025

प्रतिलिपि:- 1. माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग,बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना।